तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 ग्राफ्टेड बैगन तकनीक से कमा रहे 5 लाख तक की आय...

13 विश्व दिव्यांगता दिवस पर जिला ...






## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक घायल रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** दवाई खरीदकर वापस घर आ रहे व्यक्ति को मोटर साइकिल चालक ने ठोकर मार दिया। जिससे व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति के भाई ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पिनकापार निवासी छत्रपाल मरकाम ने पुलिस को बताया कि 03 दिसंबर को मेरे बडे भाई दिनेश मरकाम जो मेन रोड पिनकापार में स्थित मेडिकल में दवाई लेने अपने मोटर साइकिल सीजी 04 एचएन 3176 में गया था। जहां से दवाई खरीदकर वापस घर लौट रहा था कि शाम करीब 06.45 बजे छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक पिनकापार मेन रोड के पास पहुंचा था। सामने तरफ से आ रहे मोटर साइकिल सीजी 08 एएम 4438 के चालक तिलईरवार थाना लालबाग जिला राजनांदगांव निवासी रूपेश पटेल पिता जेठू पटेल 23 वर्ष ने दिनेश मरकाम को एक्सीडेंट कर दिया जिससे दिनेश मरकाम मोटर साइकिल से नीचे गिर गया व उसके दाहिने पैर के घुटना पंजा के पास चोंट आया जिसकी सूचना मुझे प्राप्त होने पर मैं एवं रिश्तेदार अजय मरकाम के साथ घटनास्थल पहुंचकर ईलाज हेतु देवरी लाया हूं।

### मोटर साइकिल की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** मंडाई के बाद अपने घर जा रहे व्यक्ति को मोटर साइकिल ने ठोकर मार दिया। जिससे मोटर साइकिल चालक घायल हो गया। जिसके बाद मोटर साइकिल चालक के ससुर ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चेन्दरीबन नवागांव निवासी शिव कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 03 दिसंबर को मेरे बेटी दामाद तिलईरवार थाना तुमडीबोड जिला राजनांदगांव निवासी रूपेश कुमार पटेल जो ग्राम चेन्दरीबन नवागांव के मंडई मेला देखने आये थे, शाम अपने पत्नी नेहा पटेल को चेन्दरीबन नवागांव में छोडकर अपने मोटर साइकिल सीजी 08 एएम 4438 में वापस अकेले घर लौट रहे थे शाम करीब 06.45 बजे छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक पिनकापार मेन रोड के पास पहुंचे थे कि सामने तरफ से आ रहे मोटर साइकिल सीजी 04 एचएन 3176 के चालक ग्राम पिनकापार निवासी दिनेश मरकाम पिता स्व. जीतखान 40 वर्ष ने मोटर साइकिल चलाते रूपेश पटेल को एक्सीडेंट कर दिये जिससे रूपेश पटेल मोटर साइकिल से नीचे गिर गया व उसके दाहिने पैर के एंढी के पास गंभीर चोंट आया जिसकी सूचना मुझे प्राप्त होने पर मैं घटनास्थल पहुंचकर अपने दामाद रूपेश पटेल को ईलाज हेतु देवरी लाया हूं।

### डी-मार्ट की बिल्डिंग परमिशन स्थगित, दोबारा होगा सीमांकन

**भिलाई।** सुपेला में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग के निर्माण पर निगम ने पूरी तरह से रोक लगा ती है। भवन बनाने के लिए जो बिल्डिंग परमिशन निगम ने जारी किया था, उसे स्थगित करने की सूचना आ रही है। बुधवार दोपहर को निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी ने कई एमआईसी मेंबर और पार्षदों के साथ वहां का निरीक्षण किया और काम को रोकने का निर्देश दिया। आपको बता दें कि इस अमानक निर्माण को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। खबर संज्ञान के बाद नगर पालिका निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी ने निर्माणाधीन डी-मार्ट व्यवसायिक परिसर का दौरा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें भवन का निर्माण निगम द्वारा दिए गए भवन अनुज्ञा के अनुसार नहीं किए जाने की शिकायत मिली थी।

# अमृत मिशन की वुमेन फॉर ट्री योजना से 6,950 पौधारोपण, 66 महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार के अमृत मिशन के अंतर्गत संचालित महत्वाकांक्षी पहल 'वुमेन फॉर ट्री' जिले में पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ महिलाओं के मामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन कर उभर रही है। यह योजना न केवल वृक्षारोपण को प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि महिला स्व–सहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। 'वुमेन फॉर ट्री' योजना तहत बालोद जिले के 08 नगरीय निकायों में अब तक 6,950 पेड़ रोपे जा चुके हैं। पौधारोपण से लेकर पौधों की देखभाल, सिंचाई, सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी जिले की विभिन्न महिला स्व–सहायता समूहों को सौंपी गई है। महिलाओं की इस प्रत्यक्ष भागीदारी ने न केवल पौधों के संरक्षण प्रतिशत को बढ़ाया है, बल्कि सामाजिक स्तर पर पर्यावरणीय चेतना को भी मजबूत किया है। योजना से जिले की महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। अब तक 66 महिलाओं को योजना के माध्यम से रोजगार प्रदान किया जा चुका है। इन सभी महिला

▶▶| शेष पेज 12 पर

■ आने वाले महीनों में पौधारोपण का दायरा बढ़ेगा, अधिक महिलाओं को योजना से जोड़ने की तैयारी

**महिला स्व-सहायता समूहों को पौधारोपण से देखभाल तक की जिम्मेदारी**





**अपराध : पुलिस ने धारा 420 के तहत केस दर्ज किया**

# नौकरी देने के नाम पर 21 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने की शिकायत युवक ने पुलिस से की है। जिसके बाद पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 आईपीसी के तहत दर्ज कर ली है।

पंडर दल्ली निवासी नागेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि झरन दल्ली माइंस में ठेकादारी में माइनिंग मेट का काम करता हूं कक्षा 12वी तक पढ़ा लिखा हूं। मेरे पिताजी बीएसपी दल्ली माइंस में वर्ष 2016 में रिटायर होने के बाद राजहरा में रह रहे हैं। वर्ष 2019 में राजहरा बाबा मोहल्ले का रहने वाला श्रीकांत झा मुझे मिला जो बाताया कि उनके ससुर बिमलेश चौधरी जो राम जानकी मंदिर में पुजारी का काम करता है जहां पूजा करने बीएसपी के बड़े अधिकारी आते हैं। जिससे उनकी पहचान है तथा मुझे भी मेरे पिता के मृत्यु पश्चात अनुकंपा




नियुक्ति बीएसपी में लगाया है। श्रीकांत झा ने मुझसे कहा मैं तुझे और तेरे परिवार के किसी को भी बीएसपी और ठेकेदारी में नौकरी लगा सकता हूं। तुम्हे बीएसपी में नौकरी के लिए 10 लाख रुपये लगेगा कहा व यह आश्वाशन दिया मेरे ऊपर विश्वास नहीं है तो यह रकम मेरे माता शुशीला झा के खाते पर डाल देना श्रीकांत के ऐसा कहने पर मैं स्वयं अपने पिता से पूछकर उनकी रिटायर में मिले रकम से 03 लाख रुपये वर्ष 2019 में पिताजी के नाम पर पंजाब एण्ड सिंध बैंक की चेक को 11 नवंबर 2019 को 03 लाख रुपये दिया था। जिसे श्रीकांत झा अपनी मां सुशीला झा के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा राजहरा के खाता तथा पंजाब नेशनल बैंक के खाता तथा एक्सिस बैंक शाखा राजहरा के खाता कमांक में ट्रांजेक्शन कराया है।

उसके बाद मैं अलग अलग किस्तों में कुछ नगदी व ऑनलाइन द्वारा कुल 10 लाख रूपये श्रीकांत झा को दिया हूं एवं मैं बीएसपी के ठेकेदारी में वर्ष 2016 से ही झरन दल्ली खदान में ठेकेदारी माइनिंग मेट का काम कर रहा था। इस दौरान वर्ष 2023 में ग्राम पथराटोला के रतन रावटे ड्राइवर है जो की यह मेरे साथ काम करता है जिसके कारण उनका श्रीकांत झा से जान पहचान हो गया था।

**बीएसपी में नौकरी का दिया झांसा**

जिन्होने अपने गांव के डिकेश कुमार, तमेन्द्र कुमार को नौकरी लगाने के संबंध में बताया था तथा श्रीकांत झा द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लगेगा बताया था। तब वे लोग तैयार हुए और श्रीकांत झा के कहने पर मेरे पंजाब एण्ड सिंध बैंक के खाता में भेजना कहकर बोला था। तब भूषण साहू, देवेन्द्र साहू, तमेन्द्र कुमार, कुमेश राम, डिकेश कुमार, पुलकित साहू सभी मेरे खाता में ट्रांजेक्शन कुल 11 लाख 70 हजार रूपये ट्रांजेक्शन करवाये थे। जैसे जैसे पैसा मेरे खाता में डालते थे मैं तत्काल श्रीकांत झा को आनलाईन मोबाईल फोनपे में एवं एक्सिस बैंक अपने खाता से आनलाईन श्रीकांत झा को 42 अलग अलग किस्तों में कुल योग 1572000 रूपये श्रीकांत झा के आनलाईन मोबाईल नंबर में ट्रांजेक्शन किया हूं तथा श्रीकांत झा को मैं अपने स्वयं की नौकरी के नाम पर कुल 10 लाख एवं ग्राम पथराटोला के नौसिर बाई, भूषण साहू तमेन्द्र कुमार गवर्ना, देवेन्द्र

▶▶| शेष पेज 12 पर

**कलेक्टर के निर्देश पर की कार्रवाई**

# ग्राम भिरई में 80 क्विंटल अवैध धान फुटकर व्यापारी से बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु राजस्व, खाद्य, कृषि उपज मंडी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा थोक एवं फुटकर व्यापारियों के घरों, दुकानों एवं गोदामों की सघन जांच कर निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा भी स्वयं थोक एवं फुटकर व्यापारियों के घरों, दुकानों एवं व्यापारियों की जांच कर उनके पास धान खरीदी हेतु जारी किए गए अनुज्ञप्ति आधार पर अधिक धान की मात्रा पाए जाने पर धान जब्त करने की कार्रवाई कर रहे हैं। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भिरई में फुटकर व्यापारी शरद सिन्हा के गोदामों का निरीक्षण कर व्यापारी द्वारा अपने गोदाम में रखे गए अवैध धान को जब्त कराने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर एवं अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान फुटकर व्यापारी शरद सिन्हा के गोदाम में लगभग 80 क्विंटल धान पाया गया।

■ फुटकर व्यापारी के पास अनुज्ञप्ति सीमा से आठ गुना अधिक धान

उल्लेखनीय है कि फुटकर व्यापारियों को धान खरीदी हेतु जारी किए गए अनुज्ञप्ति के अनुसार उन्हें केवल 10 क्विंटल धान खरीदी की पात्रता है। कलेक्टर मिश्रा ने फुटकर द्वारा शरद

▶▶| शेष पेज 12 पर

# परीक्षार्थियों को यूनिफार्म में न आने पर परीक्षा से वंचित किया, प्राचार्य टी.आर. रानाडे निलंबित

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/कुसुमकसा

हाईस्कूल सार्टिफिकेट पूरक परीक्षा के दौरान दो परीक्षार्थी को यूनिफार्म संबंधी कारणों से परीक्षा से वंचित करने सहित तीन कारणों से शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार दल्लीराजहरा के प्राचार्य टी आर रानाडे को अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग नवा रायपुर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम के तहत तत्काल तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश 2-12-2025 को जारी कर दिए।

साथ ही रानाडे का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद नियत किया गया है। आदिवासी ब्लॉक डोंडी के सेजेस के दो आदिवासी छात्रों को यूनिफार्म पहनकर नही आने पर दसवीं बोर्ड की पूरक परीक्षा के पेपर देने से वंचित कर दिया गया। जिसको लेकर छात्रों के साथ जनप्रतिधियों ने 18- 07- 2025 को ही दिव्या उमेश मिश्रा कलेक्टर बालोद से मिलकर केंद्राध्यछ के ऊपर उचित कार्यवाही करने और बच्चो को पुनः परीक्षा देने की अनुमति दिए जाने का मांग पत्र सौंपा था। बालोद कलेक्टर ने परीक्षा से वंचित दोनों छात्र व जनप्रतिनिधियों की शिकायत को सुनने के बाद केंद्राध्याछ द्वारा की गई लापरवाही को गंभीर मानते हुए तत्काल उनको केंद्राध्याक्ष पद से हटाने का निर्देश व उनके निलंबन की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने की जानकारी दी थी, प्राचार्य पर निलंबन की कार्यवाही हुई है।

■ जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से की थी शिकायत

### पूरक परीक्षा में यूनिफार्म की बाध्यता नहीं

जनप्रतिनिधिगण एकत्रित होकर सेजस स्कूल दल्लीराजहरा पहुंचकर केंद्राध्याछ से चर्चा की तो केंद्राध्याछ टी आर रानाडे अपनी बातो पर अडिग रहे की बच्चे पूरा यूनिफार्म पहनकर नही आए थे इसलिए उन्हें परीक्षा कछ में बैठने नही दिया गया और दोनो छात्र पूरा यूनिफार्म पहनकर पहुंचे तो विलंब होने के कारण परीक्षा कछ में पर्चा नही देने की जानकारी दी जिससे जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा पूरक परीक्षा में यूनिफार्म पहनकर आने की बाध्यता हो तो हमे लिखित में दिखाए जिस पर रानाडे जी ने बोर्ड के नियमानुसार छात्रों को परीक्षा में बैठने नही दिए जाने की बात की व इसका प्रतिवेदन जिला कार्यालय भेजने की जानकारी दी थी। अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग नवा रायपुर द्वारा की गई निलंबन की कार्यवाही को नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य, वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, संजय बैंस पूर्व जनपद सदस्य,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य,नितिन जैन उपसरपंच स्वाधीन जैन ने उचित बताया है।

**सौ से अधिक गौ सेवक प्रशिक्षण के लिए हुए सम्मिलित**

# गौ आधारित कृषि व उत्पाद प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय शिविर शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गौ उत्पाद निर्माण विषय पर मास्टर ट्रेनर तैयार करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग में प्रारंभ हुआ। शिविर मे बालोद जिला सहित प्रदेश के सभी जिलों के 100 से अधिक गौ सेवक सम्मिलित हो रहे है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोपाल यादव के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। समारोह मे अध्यक्षता छ.ग राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेसर सिंह पटेल ने किया, गौ सेवा गतिविधि प्रांत प्रमुख अन्ना सफारे, सोनपैरी असंग आश्रम के संत देवकर साहेब के आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण राष्ट्रीय गौ सेवा गतिविधि के राष्ट्रीय प्रशिक्षक केएन राघवन के द्वारा






प्रदान किया जा रहा है। प्रांत सह संयोजक जितेन्द्र साहू, प्रांत गौ उत्पाद प्रमुख ललिमा जायसवाल अतिथि के रूप में मंचासीन थे। मुख्य अतिथि गोपाल यादव ने विभिन्न उदाहरणो, प्रसंगो एवं सच्ची घटनाओ के माध्यम से गौ माता के महत्व को बताए।

▶▶| शेष पेज 12पर

### मास्टर ट्रेनर जिला, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर देंगे प्रशिक्षण

पटेल ने कहा गाय को उपयोगी बनाने के लिए गाय को मूल्यवान बनाने के लिए प्रशिक्षक तैयार किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर जिला, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण देंगे। शिविर मे गौ सेवा आयोग द्वारा नियुक्त जिला समिति अध्यक्ष, सदस्य, ब्लाक समिति अध्यक्ष के साथ गौ शाला प्रतिनिधि एवं गौ सेवा के क्षेत्र मे कार्य कर रहे गौ सेवक प्रशिक्षण ले रहे है। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य छ.ग. शासन द्वारा स्थापित हो रहे गौ धाम गौ वंश के व्यवस्था स्थल के साथ गौ माता की उसके आध्यत्मिक एवं वैज्ञानिक आधार पर उसकी उपयोगिता बताना है। जब गौ माता के गोबर, गौमूत्र की उपयोगिता को आम जन जानेंगे तब गौ पालन के प्रति रूचि जागेगी। तब गाय घरों में स्थापित होगी। शिविर 6 दिसंबर तक चलेगा।

**धान खरीदी लिमिट बढ़ाने राज्य शासन को भेजा प्रस्ताव**

# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कलेक्टर मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र पलारी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी केन्द्र में अपने धान की बिक्री हेतु आने वाले कृषकों को जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सेवा सहकारी समिति पलारी सनौद मे समर्थन मूल्य मे धान खरीदी केन्द्र मे कलेक्टर बालोद का निरीक्षण के दौरान किसानो को धान बेचने के लिए ऑनलाईन टोकन संबंधित हो रही समस्या, ऑफ लाईन टोकन काट कर खरीदी लिमिट को बढाये जाने, जैसे समस्या का



समाधान करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबेर द्वारा चर्चा कर निवेदन किया गया।

जिस पर कलेक्टर बालोद ने बताया कि राज्य शासन को खरीदी लिमिट बढाने जिला प्रशासन द्वारा प्रस्ताव भेजा जा चुका है। संभवतः सोमवार को खरीदी लिमिट बढ जाने से किसानों को धान बेचने के लिए टोकन संबंधित समस्या का समाधान हो जाएगा।

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने किसानों द्वारा धान खरीदी केन्द्र में बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। उन्होंने किसानों को साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही धान खरीदी केन्द्र में बिक्री हेतु लाने की समझाईश दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान की समुचित जाँच के उपरांत ही गुणवत्तायुक्त एवं साफ–सुथरे धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं निगरानी दल के सदस्य के रूप में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह निर्धारित समय में धान खरीदी केन्द्रों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित कृषकों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने धान खरीदी की लिमिट की मात्रा को बढ़ाने की मांग की। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा इस संबंध में शासन को पत्र प्रेषित करने की जानकारी दी गई।

### अवैध हथियार के साथ वृद्ध को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रूप से हथियार बेचने वाले को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। घटना थाना पुलगांव क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग स्थित शिवनाथ नदी के पास गुरुद्वारा क्षेत्र से वृद्ध को छह लोहे की तलवारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना लाइसेंस के धारदार हथियार बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर अमृतसर पंजाब निवासी निर्मल सिंह 60 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 6लोहे का तलवार जब्त किया गया। तलवारों को लेकर आरोपी के पास से से वैध लाइसेंस या दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कोटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से

दुर्ग। ग्राम कोटनी में 14 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें दुर्ग जिला से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। क्रिकेट 14 दिसंबर से शुरू होगी जो प्रत्येक रविवार को खेली जायेगी एवं हर मैच 6 ओवर की होगी। मैच टेनिस बॉल में खेली जाएगी। वहीं 32 टीम भाग ले सकते है आयोजन समिति ने खिलाड़ियों को इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने कहा गया है। यह जानकारी क्रिकेट क्लब समिति के सदस्य बीरेंद्र कुमार निषाद द्वारा दी गईं।

### दिल्ली सरस मेला में भारती ने लगाया मिलेट्स फ़ूड स्टॉल

दुर्ग। राजधानी दिल्ली में आयोजित दिल्ली सरस मेला में छत्तीसगढ़ के मिलेट्स आधारित उत्पादों ने लोगों का दिल जीत लिया। दुर्ग जिले के सत्यम महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य भारती ने यहां फ़ूड स्टॉल लगाकर कोदो, कुटकी और रागी से बने विविध व्यंजनों की प्रदर्शनी व बिक्री की। भारती द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स लड्डू, चीला, बिस्कुट, नमकीन और हेल्दी स्नैक्स को दिल्लीवासियों ने खूब पसंद किया। भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मिलेटस उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। भारती ने कहा कि दिल्ली सरस मेला में हिस्सा लेना उनके लिए बहुत बड़ा अवसर है।

### आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने शिव चंद्राकर

दुर्ग। वरिष्ठ भाजपा नेता शिव



चंद्राकर को छत्तीसगढ़ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही दुर्ग भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और जिला कार्यालय में उन्हें बधाई दी। शिव चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है और वे संगठन को और मजबूत करने की दिशा में पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे। उनका कहना है कि आर्थिक प्रकोष्ठ सभी जिलों में बेहतर समन्वय के साथ संगठनात्मक काम जारी रखेगा।

# ग्राफ्टेड बैगन तकनीक से कमा रहे 5 लाख तक की आय, किसान संतोष बने आर्थिक रूप से सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उद्यानिकी विभाग की ग्राफ्टेड बैगन तकनीक से डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम अड़जाल का किसान संतोष कुमार आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। किसान संतोष उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में ग्राफ्टेड बैगन की खेती कर 01 एकड़ की खेती से 05 लाख तक की आय अर्जित कर रहा है।



किसान संतोष कुमार पहले अपनी एक एकड़ भूमि पर पारंपरिक खरीफ धान की खेती करते थे। उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता था और खेत भी अक्सर पड़त रहती थी। उन्होंने बताया कि जब उन्हें उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। जिसके अंतर्गत अनुदान पर हाईब्रिड पौधे और बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। किसान संतोष ने धान के स्थान पर अपने एक एकड़ खेत में ग्राफ्टेड बैगन की खेती अपनाई, जिसमें उन्होंने कुल 30 हजार पौधे रोपे। उत्पादन शुरू होने पर न केवल उनके घर में सब्जियां आसानी से उपलब्ध होने से उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया। उन्होंने बताया कि अब तक उन्हें लगभग 250 क्विंटल बैगन का उत्पादन कर चुके है। उन्होंने बताया कि वर्तमान बाजार मूल्य 20 से 25 प्रति किग्रा. की दर से उन्हें अपनी 01 एकड़ की ग्राफ्टेड बैगन की खेती से लगभग 05 लाख तक की आय प्राप्त हो चुकी है। किसान संतोष ने बताया कि उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से लाभान्वित होकर अब वह अधिक आय अर्जित कर रहे हैं।



## जनता का सवाल : निजामी चौक जाने वाली सड़क आधे में रुकी, फरीद नगर के लोग हलाकान

# फरीद नगर में सड़कें बदहाल, नाली के अंदर से गुजारी गई हैं पाइपलाइन

### नाली के भीतर से गुजरी पेयजल पाइप, बदबूदार पानी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड 11 फरीद नगर में सड़कें जर्जर हालत में हैं। नालियों पर कब्जा है और पानी निकासी ठप पड़ी है। लोग लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं।

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि की टीम वार्ड भ्रमण पर पहुंची तो पता चला कि ज्यादातर गलियों की सड़कें उखड़ चुकी हैं। एक निजी स्कूल के पास लगभग 60 फीट सड़क का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन काम आधे में ही रोक दिया गया। यह सड़क आगे निजामी चौक तक जाती है। नूरी मस्जिद और आत्मानंद स्कूल के पीछे की सड़कें भी बदहाल हैं। छोटे बच्चे इन्हीं ऊबड़ खाबड़ रास्तों से स्कूल आते जाते हैं। कई बार साइकिल चलाने वाले बच्चे अनियंत्रित होकर नाली में गिर जाते हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क और नाली की समस्या उठाई, लेकिन स्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया। अब यहां के निवासियों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी जल्द कार्रवाई करेंगे। वार्ड पार्षद के मुताबिक समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

#### खेल मैदान कचरे में बदला, बच्चों के पास खेलने की जगह खत्म

फरीद नगर के बच्चों और युवाओं के लिए कभी लाल मैदान ही खेल का सबसे बड़ा सहारा था। यहां क्रिकेट, फुटबॉल और दूसरे खेलों की रौनक रहती थी। बाहर के इलाके से भी लोग खेलने आते थे क्योंकि मैदान खुला और बड़ा था। अब हालात बदल चुके हैं। आज इस मैदान में खेलने लायक जगह नहीं बची। चारों तरफ कचरे के ढेर और बिल्डिंग मटेरियल फैला है। मैदान का बड़ा हिस्सा कचरा डंपिंग ज़ोन जैसा दिखता है। बच्चे बताते हैं कि जहां पहले विकेट लगाकर मैच खेले जाते थे, वहां अब मलबा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते दिनों बाहरी क्षेत्र से आए कुछ लोग यहां तंबू लगाकर परिवार सहित रहने लगे। कई दिनों से इस मैदान में डेरा बना हुआ है। आसपास रहने वाले लोग इसे लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। खेल मैदान में अब सिर्फ पुराने झूलों के अवशेष बचे हैं। मैदान की बदहाली की वजह से क्षेत्र के बच्चे खेलने के लिए दूसरी जगहों का सहारा लेने मजबूर हैं। निवासियों की मांग है कि मैदान को जल्द साफ कराया जाए और इसे फिर से खेल के उपयोग के लायक बनाया जाए।







#### नालियों पर कब्जा, सफाई नहीं, सड़क भी टूटी-फूटी

नालियों पर कब्जा और गलत तरीके से बना



ड्रेनेज लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल बना रही हैं। स्थानीय निवासी निशार अहमद ने बताया कि नालियों पर कब्जे की वजह से सफाई नहीं हो पा रही। कई जगह पानी रुका रहता है और बदबू फैलती रहती है। इससे लोग काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास नाली का निर्माण तो हुआ, लेकिन काम ठीक से नहीं किया गया। नाली का ढलान गलत है और पानी आगे नहीं बह पाता। इस वजह से नाली अक्सर गंदे पानी से भरी रहती है और आसपास का माहौल खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह सड़क सीधे निजामी चौक तक जाती है और लोगों की आवाजाही यहां अधिक है। टूटी सड़कों की वजह से कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं।

#### बढ़ रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा

फरीद नगर वार्ड 11 में पेयजल की समस्या भी है। कुछ जगहों पर पानी की पाइप लाइन नाली के अंदर से गुजर रही है। इससे दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके घर के पास स्टील पाइप लाइन लगाने की जगह प्लास्टिक की पाइप डाल दी गई। यह पाइप नाली के गंदे पानी के बीच से गुजरते हुए सीधे घरों में सप्लाई दे रही है। इसी वजह से नल से आने वाला पानी बदबूदार और गंदा होता है। लोग इसे पीने तो दूर, इस्तेमाल तक नहीं कर पा रहे। इस स्थिति में बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

#### डामरीकरण व पेवर ब्लॉक के लिए 73 लाख मंजूर

वार्ड के पार्षद महेश वर्मा ने बताया कि सड़कों के डामरीकरण के लिए 73 लाख रुपए और प्लेवर ब्लाक के लिए 80 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। नालियों के ऊपर 9 पुलिया बनाने का काम चल रहा है। मेरे वार्ड में किसी भी नाली के ऊपर निर्माण नहीं है, अगर किसी ने किया है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। जर्जर सड़कों का जल्द संधारण किया जाएगा। पार्षद निधि से सार्वजनिक स्थलों पर टेबल और बेंच लगाया जा रहा है। लाल मैदान को साफ कराने को लेकर मैं वार्डवासियों के साथ धरने पर बैठा था। निगम अधिकारियों ने इस मैदान फैले कचरों का ढेर और भवन निर्माण मटेरियल को साफ करवाने का आश्वासन दिया है। नाली के अंदर से अगर पाइप लाइन गया है तो उसकी जांच की जाएगी।

### धान खरीदी की धीमी रफ्तार के विरोध में नगपुरा व बोरी में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धान खरीदी की धीमी गति से परेशान किसानों ने आज छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दमोदा नगपुरा और बोरी के धान खरीदी केन्द्रों में एक साथ प्रदर्शन किया। धान खरीदी का कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। वर्तमान में शासन ने खरीदी को 8 सौ क्विंटल प्रतिदिन तक सीमित रखा गया है। इसी निर्धारित लिमिट के अनुसार ही किसानों को टोकन जारी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट को बढ़ाकर 3 हजार क्विंटल करने और रबी फसलों के लिए नगद ऋण, खाद और बीज तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। 4 दिसंबर को ननकट्ठी चौक, नवागांव धान खरीदी केंद्र सहित अन्य स्थानों पर किसान प्रदर्शन करेंगे।

■ अफसरों की मॉनिटरिंग नहीं करने का लगाया आरोप

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है।

# भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ होता है तनाव प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ साइंस कॉलेज में गीता जयंती का आयोजन

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में संस्कृत एवं योग विभाग द्वारा गीता जयंती समारोह मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक गीता श्लोक पाठ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा एवं देवी शारदा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा एवं अन्य अतिथियों का तिलक चंदन से विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ एसएन झा ने विद्यार्थियों को गीता के महत्व पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ है, जिसका अध्ययन मानव जीवन में सकारात्मकता विकसित करता है तथा ,है।

इसके बाद सभी ने श्रीमद् भागवत गीता के बारहवें अध्याय का सामूहिक सस्वर श्लोक पाठ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों के साथ संस्कृत एवं योग विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन में योग शिक्षिका डॉ नीरा सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ सतीश कुमार सेन, डॉ गोविन्द गुप्ता, डॉ, रजनीश उमर, डॉ रश्मि गौर, डॉ राजेश्वरी जोशी तथा राखी भारती मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान तथा सह संयोजक क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप थे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने किया।

### महापौर अलका बाघमार ने किया वाल्व बदलने के कार्य का निरीक्षण

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने महापौर अलका बाघमार, प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी और सहायक जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौके पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों से वाल्व बदलने की प्रक्रिया कार्य का जल्द और जल आपूर्ति पर इसके प्रभाव की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो और नागरिकों को पानी की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि जल विभाग की टीम को पूरी तत्परता से कार्य करना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को नियमित और सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी जलापूर्ति से संबंधित समस्या आती है, वहाँ निगम तुरंत कार्रवाई करेगा। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि 600 एमएम वाल्व मरम्मत कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद मालवीय नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति और अधिक सुचारू होगी।

# कॉलेज में पशुओं के विचरण एवं सुरक्षा के लिए निगरानी टीम का किया गठन

दुर्ग। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के अंतर्गत दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश में प्राध्यापकों एवं छात्राओं के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय में पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और छात्रा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।



प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए पशुओं के आसपास सावधानी बरतने, काटने के बाद प्राथमिक उपचार प्रदान करने की जानकारी दी। डॉ. तोषिना तैलंग ने छात्राओं को अपरिचित पशुओं से दूरी बनाए रखने और उकसाने और छेड़ने से बचने के बारे में बताया। डॉ. अनामिका वस्त्रकार ने प्राथमिक उपचार समझाए, सुश्री तबस्सुम अली ने छात्राओं को तुरंत रिपोर्टिंग के प्रोटोकॉल के बारे में बताया। इस अवसर पर एक टीम का भी गठन किया गया जो कि निरीक्षण कर महाविद्यालय प्रांगण में किसी भी तरह के पशु के प्रवेश एवं व्यवहार पर निरंतर निगरानी कर रिपोर्ट प्रदान करेगी, जिससे किसी भी दुर्घटना और अप्रिय स्थिति को रोका जा सके और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके। डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा इसके लिए एक टीम का गठन किया। जो 24 घंटे व 7 दिन कार्य करेगी, जिसमें डॉ. मोहम्मद शोएब को नोडल अधिकारी, दीपक ठाकुर, अरविन्द लोखण्डे, चन्द्रहास बेदरे, ओम ध्रुव, युसुफ खान, विनोद, को सदस्य बनाया गया है।

## पेज 11 के शेष

### अमृत मिशन की वुमेन फॉर ...

कार्यकर्ताओं को प्रति माह 08 हजार रुपये का मानदेय दिया जा रहा है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में स्थिर सुधार हो रहा है। सरकार द्वारा सभी महिला कार्यकर्ताओं को कार्य सुविधा हेतु साड़ी, जैकेट, जूते तथा संपूर्ण टूलकिट (फावड़ा, कुदाली, बेलचा, धमेला) उपलब्ध कराई गई है। कई महिलाओं ने बताया है कि इस आय से वे अपने बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च एवं स्वयं के विकास में योगदान दे पा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा आने वाले महीनों में वृक्षारोपण के दायरे को और विस्तृत किया जाएगा। योजना का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़कर जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएँ। साथ ही, पौधों के संरक्षण के लिए तकनीकी एवं प्रशिक्षण सहयोग भी महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन बालोद ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि 'वुमेन फॉर ट्री' योजना को सफल बनाने में सहयोग करें। प्रशासन ने सभी पंचायतों, संस्थाओं और समाजसेवी संगठनों को भी इस अभियान से जुड़ने का अनुरोध किया है ताकि बालोद को और अधिक हराभरा, स्वच्छ तथा पर्यावरण–अनुकूल जिला बनाया जा सके। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री मोबिन अली ने बताया कि 'वुमेन फॉर ट्री' योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम भी है। महिलाओं की भागीदारी से पौधों के संरक्षण दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होने कहा कि जिले की अधिक से अधिक महिलाएं इस अभियान से जुड़कर और बालोद को हरियाली व स्वच्छता के क्षेत्र में एक मॉडल जिले के रूप में स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने नागरिकों से वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण में सहयोग कर जल संरचना को सु–ढ़ बनाने की अपील की है।

### बीएसपी में नौकरी ....

कुमार साहू, कुमेश वारके, पुलकित साहू, कुल 06 लोगों से मैने अलग अलग तिथि में नौकरी लगाने के नाम पर श्रीमांत झा के कहने पर मेरे खाता में कुल 11 लाख 70 हजार रुपये मेरे खाता में ट्रांजेक्शन कराकर मैने तत्काल श्रीकांत झा के खाता में ट्रांजेक्शन किया हूं। इस प्रकार कुल श्रीकांत झा को 21 लाख 70 हजार रूपये श्रीकांत झा को नौकरी लगाने के नाम पर दिया हूं तथा राजहरा के मुन्ना शर्मा के द्वारा अपने लड़का अरविंद सौरभ को नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख 50 हजार रूपये व युगल किशोर ठाकुर से 13 लाख रूपये नगद लिया है। जो अब तक मुझे तथा अन्य लोगों को भी नौकरी नहीं लगाया है और ना ही पैसा मांगने पर पैसा वापस कर रहा है और वह हम लोगों को नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किया है।

### ग्राम भिरई में 80 ....

सिन्हा के गोदाम में लगभग 80 क्विंटल धान प्राप्त होने पर उक्त सभी धान को जब्त करने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों ने धान जप्ती कार्रवाई सुनिश्चित कर कोटवार की अभिरक्षा में फुटकर व्यापारी शरद सिन्हा को सुपुर्द किया गया। अधिकारियों ने कोटवार को जब्त किए गए धान की सतत निगरानी के निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर एवं जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गौ आधारित कृषि व ...

साथ में बताया कि गौ माता के घरों से दूर रहने के किस प्रकार के दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं। अध्यक्ष गौ सेवा आयोग बिशेसर सिंह पटेल ने कहा गौ माता को घरो में स्थापित करने, प्रत्येक घर मे दुध पहुंचाने, जहरीली कृषि को गौ आधारित कृषि की ओर ले जाने के उद्धेश्य से प्रशिक्षक तैयार किया जा रहा है यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गौ सेवक अपने क्षेत्र मे कृषको, गौ पालको, ग्रामीणो, स्व. सहायता समूहो को प्रशिक्षण देंगे। श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में स्थापित हो रहे गौ धाम को एवं गौ शालाओ का प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे। गाय के गोबर, गौ मूत्र की उपयोगगिता बताने मास्टर ट्रैनर तैयार किया जा रहा है। गाय उपयोगी होगी तो गाय बचेगी।

### महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन पर विविध आयोजन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय की विशाखा समिति एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विविध आयोजन किए गए। जिसमें उक्त विषय पर एक चर्चा में प्राचार्य ने कहा कि दुनिया भर में लगभग 3 में से एक महिला को अपने जीवन में मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार की हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में यह दिवस घोषित किया गया है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आरके पुरोहित ने उक्त विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट नहीं है, बल्कि इसमें यौन, मानसिक और वित्तीय शोषण सहित कई प्रकार के कानूनी कार्य सम्मिलित हैं।

## 5 डिसमिल से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर रोक बाद बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी से फूटा आक्रोश

■ आम आदमी पार्टी ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी

दुर्ग। जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने भी विरोध शुरू कर दिया है। संगठन ने उग्र आंदोलन की तैयारी की है। आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहले 5 डिसमिल (लगभग 2200 वर्गफीट) से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद अब साय सरकार का एक और जनविरोधी फरमान लाया गया। अब बाजार मूल्य बढ़ा दिया गया है। रजिस्ट्री शुल्क में पहले ही बढ़ोत्तरी की जा चुकी है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि साय सरकार द्वारा प्रदेश मे जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों मे बेतहाशा वृद्धि की गई है। इसका आप विरोध करती है। फैसला जन विरोधी है। संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा कहा कि फैसला वापस लिया जाए, अन्यथा कार्यकर्त्ता एवं प्रदेश की जनता सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी। प्रदेश सचिव देवेंन्द्र सिंह भाटिया ने कहा अभी विरोध के साथ बढ़ी गाइडलाइन की दरों की वापसी की मांग को लेकर सरकार को जिलवार ज्ञापन देकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो नई जमीन गाइडलाइन दरें घोषित की हैं। उसे सिर्फ बड़े जमीन के कारोबारियों के फायदे के लिए बनाया गया है। जमीन गाइडलाइन दर मे बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। जिलाध्यक्ष रवि साहू ने कहा सरकार अब खुले तौर पर प्रदेश की जनता के साथ व्यापार करने में जुट गई है जबकि एक चुनी हुई सरकार जनता के हित मे योजना बनाती है। भिलाई प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह समेत प्रदेश भर के आप कार्यकर्ताओं ने इसे आम जनता के सपनों पर हमला बताते हुए, सरकार से तत्काल इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव अब 11 तक होगा आवेदन

**बालोद।** जिला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इच्छुक प्रतिभागियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 02 दिसंबर में वृद्धि करते हुए अब 11 दिसंबर 2025 तक पंजीयन की तिथि निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी/दल पंजीयन फार्म, फोटोग्राफ्स एवं आवश्यक दस्तावेज सहित कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में उपस्थित होकर 11 दिसंबर 2025 को शाम 05 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी अपना पंजीयन माय भारत पोर्टल में भी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 का आयोजन 15 दिसंबर को जिला मुख्यालय स्थित सी मार्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद परिसर में आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 में शामिल प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष एवं संगीतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 में लोक नृत्य विधा, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद–विवाद, कहानी लेखक, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पांरपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधा शामिल है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

### म्यूल खाते का उपयोग करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** म्यूल खाते का उपयोग करने वाले महिला पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला पुलिस ने बंधन बैंक सुपेला में खाता खोलकर साइबर ठगी की शिकायत मिली थी। जांच करने पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। जिसमें 27 आरोपियों ने बंधन बैंक में म्यूल अकाउंट खोला था। जिसमें 1 करोड़ 20 लाख से अधिक की रकम का अवैध लेन देन के बारे में बता चला। पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा है। जांच में पुलिस को पता चला कि कोहका निवासी चिकू उर्फ रमाकांत बंसोड़, रावणभांठा सुपेला निवासी रंजीत महानंद, शिवाजी नगर खुर्सीपार परमीला बाई जंघेल, सेक्टर 2 सडक नं 15 बी. ब्लाक 14 कमरा 10 के आकाश राव, रिसाली सेक्टर 31/01 जी भिलाई विपिन कुमार सिरसाम, सेक्टर 4 सडक नं 5 मकान 22 ई मानवी बेरी , दीनदयाल कालोनी मकान नंबर 604 खम्हरिया आशीष गुप्ता,एलआईजी 883/884 आदित्य नगर दुर्ग पिंकी कुर्रे को पकड़ा गया है। फरार खाता धारको की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### बकाया जलकर की राशि 31250 रुपये निगम कोष में जमा कराया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के संचालको से सीमा कर एवं जलकर वसूली हेतु संपर्क स्थापित किया गया। उद्योग संचालकों को बकाया जलकर जमा करने हेतु सूचित किया गया है। संपर्क पश्चात विश्व विशाल इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की बकाया जलकर राशि 31250.00 रूपये निगम कोष में जमा कराया गया। उसी प्रकार सीमा कर (निर्यात कर) हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 173 व 174 के तहत जारी नोटिस के अनुसार सीमा कर की राशि शीघ्र जमा कर रसीद प्राप्त करने अन्य उद्योग संचालको को सूचित किया गया है। इस अवसर पर सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी जलकर विभाग धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी सीमा कर विभाग अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन-4 मनीष कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---

**स्पर्धा : 200 प्रतिभागियों ने लिया भाग और दिखाई अपनी प्रतिभा**

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन









हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

> ■ खेल, रंगोली, चित्रकला और गायन में दिव्यांग बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय दिव्यांग विद्यार्थियों का खेलकूद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन 3 दिसंबर को शासकीय हाई स्कूल जुंगेरा विकासखंड एवं जिला बालोद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दिव्यांग ओलंपिक का उद्घाटन हुआ इसके मुख्य अतिथि नीलम कोठारी सरपंच ग्राम पंचायत जुंगेरा, अध्यक्षता ए के जांगड़े डीएमसी समग्र शिक्षा बालोद, विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच राज साहू, प्राचार्य एन. चौधरी जुंगेरा, ए. पी. सी. राजेंद्र कुमार देवांगन समग्र शिक्षा बालोद एवं बी आर सी गुरुर चंद्रभान निर्मलकर की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजा अर्चना एवं वंदना से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात ओलंपिक ध्वज फहराकर कार्यक्रम को गति प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी में विराजमान सरपंच महोदय द्वारा दिव्यांग बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा स्वयं गोला फेक में भाग लेकर विधिवत उद्घाटन किया गया। अतिथियों का स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा का वाचन ए. पी. सी.राजेंद्र कुमार देवांगन द्वारा किया गया। तथा उन्होंने बताया कि इस दिव्यांग ओलंपिक में जिले के अंतर्गत पांचो ब्लॉक बालोद, गुंडरदेही, गुरुर डौडी और डौडी लोहारा के विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी जिसके अंतर्गत अस्थि बाधित,श्रवण बाधित,दृष्टि बाधित,बौद्धिक दिव्यांग विद्यार्थी अपनी खेलखुद सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। उनके साथ उनके पालक तथा शिक्षक भी सहयोग करने उपस्थित हुए। इस प्रकार लगभग 200 लोगों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधाओं के अंतर्गत गोला फेक, कुर्सी दौड़, दौड़ 50 मीटर,100 मी,रंगोली प्रतियोगिता,चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकल गीत, गायन,समूह गीत का गायन ग्राम कचांदूर के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया जो कि बहुत ही सराहनीय रहा। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि आशा पटेल पार्षद नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा विजेता, उपविजेता एवं अन्य समस्त दिव्यांग विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल करने में जिला शिक्षा अधिकारी महोदया मधुलिका तिवारी, डीएमसी ए. के जांगड़े,सभी ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तथा ए. पी. सी. जी. एल. खुरश्याम, लेखराम साहू, होमन लाल देशमुख का सराहनीय मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम को संपन्न कराने में बीआरसी सी बालोद शैलेंद्र पांडे, सी. एन. निर्मलकर, वी. के.पटेल प्रधान पाठक,बी. आर. पी.दिपेश नाथ योगी, परमेश्वर साहू, कुमारी शेष रामटेके, अनास्थासिया बाखला, स्पेशल एजुकेटर हरीश कुमार, पायल भारद्वाज, खुशबू डोंगरे जागृति चौरसिया, वासु श्रीवास, सी. ए. सी.मोहित भौसार्य,बलराज गौर,लोमस साहू, सोमन लाल नेताम, लाल रघुवीर सिंह ठाकुर, जितेंद्र कुमार साहू, का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन ओलंपिक ध्वज का अवतरण एवं राष्ट्रगीत के साथ संपन्न हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन विजय कुमार पटेल प्रधान पाठक सहगांव द्वारा किया गया।

---



## धान से भरे वाहनों की बढ़ी निगरानी जांच नाका में टीम कर रही सघन जांच

**डौंडीलोहारा।** प्रदेश में धान खरीदी सीजन की शुरुआत के साथ ही शासन द्वारा इस वर्ष विशेष सख्ती और निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसी के तहत नगर स्थित वनोंपज जांच नाका में धान लेकर समितियों की ओर जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

जांच नाका में तैनात कोटवारों एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा हर वाहन की अनिवार्य रूप से एंट्री की जा रही है, जिसमें वाहन क्रमांक, आगमन का समय, धान बेचने आने वाले किसान का नाम, ग्राम, मात्रा तथा अन्य आवश्यक विवरण दर्ज किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस वर्ष शासन ने अवैध धान परिवहन, कालाबाजारी और दूसरे राज्यों से धान की आवक को रोकने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शासन की मंशा यह है कि समर्थन मूल्य का वास्तविक लाभ क्षेत्र के पंजीकृत किसानों को मिले तथा धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित हो।

## गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 8 से 11 दिसंबर 2025 तक गंजपारा बालोद में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारी जोरों पर है पूरे बालोद जिले के समय दानी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बालोद नगर के प्रत्येक वार्डों में दीप महायज्ञ,बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। डौंडीलोहारा से प्रतिदिन लता भोलाराम साहू,मिलन सिन्हा, तुलसी कैलाश नाथ साहू, रेखा विरेन्द्र साहू, पीलू राम साहू, कौशिल्या बगमरिया, कुमार सहारे के साथ ही स्वयं सेवी कार्यकर्ता अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

---

## पराली न जलाकर बेलर मशीन से किया संग्रह बना मिसाल, सोमेश कृषक रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





धान के फसल की कटाई के पश्चात बचे हुए अवशेषों को बेलर मशीन के माध्यम से संग्रहित कर कृषक रत्न से सम्मानित सोमेश साहू अपने पशुओं के चारा हेतु बेहतर व्यवस्था कर रहे हैं। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के कृषक रत्न से सम्मानित साहू ने कृषि क्षेत्र में अपनी प्रगतिशील सोच से एक मिसाल कायम की है। उन्होंने धान कटाई के बाद फसल अवशेषों पराली को न जलाकर, उसे बेलर मशीन के माध्यम से संग्रहित करने का अनूठा कार्य किया है। उन्होंने बताया कि उनके पास लगभग 45 पशु है। जिनके लिए नियमित रूप से चारा की आवश्यकता होती है। जिसके लिए वे अपने खेत में धान की कटाई के पश्चात बचे अवशेष पराली को जिला खनिज न्यास मद से प्राप्त बेलर मशीन का उपयोग कर संग्रहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष को खेत में न जलाकर उसे संग्रहित करना चाहिए। इस फसल अवशेष को जलाने से पर्यावरण प्रदूषण, मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीव की हानि, मित्र कीटों को नुकसान इसके साथ ही जमीन में उपजाऊ क्षमता में प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि गिरते भू–जल स्तर को सुधारने के लिए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, गन्ना, मक्का, गेहूं इत्यादि कम जल संचय करने वाली फसलों को लगाना चाहिए तथा फसल चक्र को अपनाना चाहिए।

## मचांदुर में क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत



**अंडा।** ग्राम मचांदुर क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में 5 दिवसीय भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का महामुकाबला का शुभारंभ हो गया है, इसमें प्रथम पुरस्कार 25001,द्वितीय 15001,तृतीय 7001,चतुर्थ 5001 के साथ अन्य व्यक्तिगत पुरुस्कार रखा गया है।आज सरपंच संघ अध्यक्ष ग्रामीण प्रधान युगल किशोर साहू,मुख्य अतिथि दाऊ सौरभ सिंह राजपूत,विशेष अतिथि उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू,ग्रामीण उपाध्यक्ष बलराम निर्मलकर,यादव सर्किल अध्यक्ष मंत राम यादव,सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह बैस,भाजपा महामंत्री प्रवीण यदु,युवराज सिंह साहू,विनय साहू,पंच गणपत साहू,मंशाराम साहू,विजय साहू,तोरण लाल साहू ने पूजन व फीता काटकर मैच प्रारंभ करवाया।इस अवसर पर माननीय अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर कहा कि यह जीत और हार का फैसला आपको भविष्य में और अच्छे ढंग से खेलने की प्रेरणा देता है और आपके कौशल को सुधार का अवसर प्राप्त होता है। शुभारंभ के समय सीनियर व जूनियर खिलाड़ी गणेश साहू, बिसनाथ यादव,प्रकाश निषाद, थानसिंग साहू,भूपेंद्र यादव,रवि साहू, खिलावन साहू,महेंद्र पटेल के साथ- साथ एम सी सी आयोजक मण्डल व ग्रामीण जन अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

---

## पुराने जर्जर पोल पर काम करते समय युवक गिरा, हुआ घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नए बिजली के खंभे लगाने के दौरान पुराना पोल टूट गया, जिसमें चढ़े व्यक्ति गिरने से घायल हो गया। जिसे आनन फानन मे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां युवक का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के जय स्तंभ चौक में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत वर्षों पुराने बिजली के खंभो को हटाने का कार्य चल रहा था इसी दौरान ग्राम सिलौटी कुरूद निवासी चमलेश्वर यादव 28 वर्ष द्वारा पुराने जर्जर पुल में चढ़कर पुराने पोल के वायर के साथ सामानो को निकालने का काम कर रहा था लेकिन इसी दौरान पुराना पोल नीचे से सड़े होने के कारण मरम्मत के दौरान अचानक से टूट गया। जिससे उपर चढ़कर काम कर रहा व्यक्ति नीचे गिर पड़ा। इस दौरान आस पास मौजूद लोगो ने व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जहां व्यक्ति का ईलाज जारी है। वही जिस जगह पर उक्त घटना हुई है वह व्यस्ततम् मार्ग में आता है जिसमे भारी संख्या मे वाहनो का आवागमन बना रहता है। ऐसे मे बिना सुरक्षा उपाय व अन्य स्थितियो को देखते हुए कार्य किया जा रहा था जिससे यह घटना बड़ी घटना भी हो सकती थी लेकिन बड़ा हादसा टल गया।

**पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी की पुण्य स्मृति में कथा का आयोजन**

## इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं, भगवान बनने से पहले इंसान बनो: निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी स्व. कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में उनके गृह ग्राम पाऊवारा में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को कथा का आयोजन हुआ। कथा में संत श्री निरंजन जी महाराज ने राजा परीक्षित के जन्म और सुखदेव के आगमन का प्रसंग सुनाया, जिसमें श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

संत श्री निरंजन महाराज ने कथा में जीवन के दुर्गुणों जैसे काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और मत्सर के त्याग का संदेश देते हुए कहा कि केवल सद्गुण अपनाकर ही प्रभु की प्राप्ति संभव है। उन्होंने अभिमान के विभिन्न प्रकारों—तन, मन, धन, पद, प्रतिष्ठा, रूप और रंग—के प्रति सावधानी बरतने और जीवन में प्रेम की प्रगाढ़ता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। महाराज ने आगे कहा कि प्रभु के दरबार में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता और इंसानियत से बढ़कर कोई जाति नहीं है। भगवान बनने की इच्छा छोड़ कर इंसान बनना ही सच्चा धर्म है। भक्त के प्रेम में परमात्मा बंधन में बंध जाते हैं, और संसार में जीव का अस्तित्व कन्या के समान है—जैसे कन्या अपने नैहर से विदा होकर ससुराल में पति की सेवा करती है, वैसे ही जीव को संसार रूपी नैहर से विदा होकर श्याम पिया से मिलन करना होता है। संत श्री निरंजन जी ने शिव और जीव के एकत्व, विश्वास और भक्ति की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वास अटल होता है और इसके बिना भक्ति अधूरी है। उनका संदेश था कि संसार में किसी के प्रति अमंगल भाव से किया गया कोई यज्ञ सफल नहीं हो सकता।

इस आयोजन में ग्राम पाऊवारा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ साहू परिवार के शुभ संकल्प से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू, दुर्ग जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, रामकली यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, रमा साहू, नगर पंचायत उतई के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड सहित अन्य शामिल हुए।

---

**किसानों की समस्याएं सुनकर कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**

# कलेक्टर का आकस्मिक निरीक्षण: धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





> ■ धान खरीदी व्यवस्था को दुरुस्त करने कलेक्टर का सघन दौरा, किसानों ने लिमिट बढ़ाने की रखी मांग की

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा बालोद जिले में धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिले के धान खरीदी केन्द्रों का सघन दौरा कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की समुचित मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे कि बालोद जिले में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक एवं बेहतर ढंग से संपन्न हो सके। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर मिश्रा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र मोखा–रजोली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी केन्द्र में अपने धान की बिक्री हेतु आने वाले कृषकों को जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने किसानों द्वारा धान खरीदी केन्द्र में बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। उन्होंने किसानों को साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही धान खरीदी केन्द्र में बिक्री हेतु लाने की समझाईश दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान की समुचित जाँच के उपरांत ही गुणवत्तायुक्त एवं साफ–सुथरे धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं निगरानी दल के सदस्य के रूप में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह निर्धारित समय में धान खरीदी केन्द्रों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित कृषकों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने धान खरीदी की लिमिट की मात्र को बढ़ाने की मांग की। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा इस संबंध में शासन को पत्र प्रेषित करने की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर एवं जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202405242600046 अ-13 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनजंय किरी आ. सुन्दर लाल किरी अन्य 02 साकिन देना बैंक के पास बस्तर रोड धमतरी छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया कि ग्राम आनंदपुर प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. मिरीटोला तहसील गुरूर जिला बालोद में स्थित खसरा नंबर 673/1 रकबा 0.03 हे. खसरा नंबर 672 रकबा 0.17 हे. खसरा नंबर 671/1 रकबा 0.05 हे. धनजंय किरी आ. सुन्दर किरी 673/2, 670/1 रकबा क्रमशः 0.12, 0.39 हे. पुरूषोत्त किरी आ० धनजंय किरी खसरा नंबर 671/2 रकबा 0.15 हे. दुष्यंत किरी आ. धनजंय किरी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण के द्वारा अपने उपरोक्त भूमि में आने-जाने हेतु एवं अन्य ग्रामीण अपने-अपने कृषि भूमि में कृषि कार्य एवं अन्य व्यवसाय के लिये आवागमन हेतु चिटौद सरहद घास भूमि खसरा नंबर 995/1, 996, 1001/1, 1002, 1003 पर पूर्व से बने सड़क के माध्यम से उपयोग करते चले आ रहे। उक्त घास भूमि में बने मार्ग से आवेदक की भूमि में आवागमन हेतु पूर्व से स्थान स्थल पर रास्ता से है, तथा उक्त रास्ते का उपयोग अनेक वर्षो से ग्रामीण एवं अन्य कृषि भूमि स्वामी एवं आवेदकगण द्वारा किया जा रहा है, लेकिन राजस्व रिकार्ड में उक्त भूमि घास भूमि पर सार्वजनिक रास्ता, चिन्हांकित रास्ता अंकित नही हुआ है। ग्राम आनंदपुर प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. मिरीटोला तहसील गुरूर जिला बालोद में स्थित है। जिसका खसरा नंबर 673/1 रकबा 0.03 हे., खसरा 672 रकबा 0.17 हे., खसरा नंबर 671/1 रकबा 0.05 हे. में आवागमन हेतु चिटौद स्थित घास भूमि खसरा नंबर 995/1, 996, 1001/1, 1002, 1003 पर पूर्व से निर्मित सड़क में मार्गाधिकार तथा सुखाचार के लिये रास्ता अभिलेख में सड़क मार्ग चिन्हांकित कर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19/12/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाशक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार- गुरूर
जिला बालोद (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरित

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही के वार्ड नंबर 2 बघमरा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पार्षद हरीश निषाद द्वारा हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरण किया गया। इसमें हितग्राही पूजा यशवंत निषाद एवं जितेंद्री विष्णु निषाद को गैस कनेक्शन दिया गया। नए गैस कनेक्शन मिलने से उत्साहित हितग्राहियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

## मोहारा स्कूल में प्राचार्य जोसफ ने पदभार ग्रहण



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में नए प्राचार्य जोसफ चाको ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सभापति जनपद पंचायत गुरुर, शाला प्रबंधन समिति, प्रभारी प्राचार्य जीआर साहू, व्याख्याता अखिलेश बघेल, निर्मला साहू, राजकुमार पटेल, गुरु विष्णु साहू, राजेश्वरी कुर्रे, पद्मिनी साहू, हेमंत कुमार सिन्हा, स्वदेश राही, के साहू, डीके नेताम, खिलेश कुमार यादव सभी ने हर्श व्यक्त किया।

## भाजपा नेता शिव बने आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

**गुण्डरदेही।** भाजपा नेता शिव चंद्राकर को आर्थिक प्रकोष्ठ के



प्रदेश संयोजक का दायित्व प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दिया गया है। जिससे गुण्डरदेही के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, सौरभ जैन, अश्वनी यादव, सुरेश सोनी, केशव राम साहू, थानमल जैन, सोहन सिन्हा, युगल ताम्रकार, वीरेंद्र साहू, तामेश्वर साहू ने हर्श व्यक्त की।

## ग्राम परसुली में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** युवा उत्सव समिति ग्राम परसुली द्वारा रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज किया गया है। जिसमे विशेष अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर मीना साहू, संध्यक्ष अजेन्द्र साहू, उत्तरा प्रकाश मरकाम रहेंगे। वही समिति के अध्यक्ष पुनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष अजय निशाद, कोशाध्यक्ष त्रिभुवन सिन्हा, संरक्षक डेविड देवांगन, संचालक पोशण कुमार, सचिव सुनील कुमार, सहसचिव देवेन्द्र यादव, मार्गदर्शक अनिरूद्ध साहू, डोमार नेताम, आशुतोश राजपूत, सदस्य रामस्वरूप साहू, भूशण रायपुरिहा, सेवक साहू, टामेश ध्रुव, डेमन नेताम, देवराज सिन्हा, मुकेश साहू, नोवेन्द्र सूर्यवंशी, नीलकमल साहू, गिरिश साहू, भूपेश साहू, मिनेश सूर्यवंशी, मनोहर साहू, नागेश साहू, थानेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, याशिक नेताम, आशिश साहू, तनुज रायपुरिया, विकास देवांगन, शिवम सिन्हा, मिथलेश साहू, भावेश साहू, उमंग साहू, दद्दू साहू, हर्श साहू व समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

**सौगात : मुक्तिधाम विकास, तालाब सौंदर्यीकरण सहित 50 लाख के कार्य जल्द होंगे पूरे**

# बघमरा में 9.90 लाख की लागत से शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के बघमरा में 9 लाख 90 हजार की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, विशेष अतिथि वार्ड 2 के पार्षद हरीश निषाद, वार्ड 1 के पार्षद पोषण बन्नू राम निषाद, पार्षद रोम लाल यादव उपस्थित थे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बघमरा के निवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा, आपकी सारी मांगे पूरी की जाएंगी।

■ शेड निर्माण के साथ अतिरिक्त 15 लाख की घोषणा-नपं अध्यक्ष



आपने जो मांग की थी, उसका आज भूमि पूजन हुआ है और बाकी सब काम भी जल्द से पूरा किया जाएगा। उन्होंने बघमरा के विकास के लिए तत्परता दिखाते हुए एक बड़ी घोषणा कीष्आपके मांग के अनुसार मंच और शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए और देने की घोषणा की। अध्यक्ष जैन ने आगे कहा कि बघमरा के लिए पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी और इस वर्ष के भीतर ही लगभग 50 लाख रुपए के विकास कार्य एक-एक करके पूरे किए जाएंगे। पार्षद हरीश निषाद ने इस दौरान बघमरा के नए तालाब का सौंदयऍकरण, मुक्तिधाम विकास और सबसे महत्वपूर्ण, बघमरा में 7 एकड़ में किए गए अवैध कब्जों को खाली कराने की मांग रखी। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने तत्काल आश्वासन दिया और कहा कि मुक्तिधाम के विकास के लिए 20 लाख का प्रस्ताव बना कर शासन को भेजा जाएगा साथ ही अवैध कब्जाधारियों को नोटिस देकर तत्काल प्रभाव से खाली करवाया जाएगा और साथ ही उस स्थान पर बाउंड्रीवॉल कराई जाएगी। इसके लिए पर्यटन विभाग से स्वीकृति लेकर वहां विकास कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जिपं अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण और मुक्तिधाम का भूमिपूजन किया

**बालोद/कलंगपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम खुटेरी भट में विकास और जनसेवा के कई महत्वपूर्ण अध्याय जोड़े गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जहां एक ओर आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। वहीं दूसरी ओर मुक्तिधाम के लिए भूमिपूजन कर एक आवश्यक सुविधा की नींव रखी।

■ स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट मितानिनों का सम्मान किया गया

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों को सम्मानित कर उनके समर्पण की सराहना की गई। ग्राम में नव-निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी अतिथियों के साथ फीता काटकर किया। इस अवसर पर



उन्होंने कहा कि यह भवन नौनिहालों के बेहतर पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की देखभाल में कोई कसर न छोड़ने का आग्रह किया। इसके अलावा ग्राम खूटेरी भट में अंतिम संस्कार के लिए सर्वसुविधा युक्त मुक्तिधाम के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया और कहा कि मुक्तिधाम किसी भी समाज की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे प्रियजनों को अंतिम विदाई सम्मानजनक तरीके से दी जा सके। इस दौरान ग्राम में मितानिनों का सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं सभी अतिथियों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी जान जोखिम में डालकर उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाली मितानिनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मितानिनों को स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बताते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी उनका समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार विकास, स्वास्थ्य और जनसेवा को प्राथमिकता दे रही है। इन तीनों कार्यक्रमों का आयोजन एक ही दिन होना इस बात का प्रमाण है कि हम हर वर्ग और हर आयु के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच गजपति साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अतिरिक्त सीईओ जांगड़े, चौकराम ठाकुर, नागेंद्र साहू, उमेन्द्र साहू, निशा ठाकुर, कुमेश्वर राणा, हेमराज दिल्लीवार, संतराम हिड़को, डीएल धुर्वे, उधोराम साहू, भीखम ठाकुर, गौरसिंह निर्मल, मोतीराम साहू, मीना बारले, ताराचंद मंडावी, ढालसिंह मंडावी, शांतनु निर्मल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर में मनी गीता जयंती वैष्णव पुरोहित संघ ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम देवसरा में विराजित हनुमान मंदिर परिसर में अखिल भारती पुजारी पुरोहित संघ की तहसील स्तरीय आयोजन में गीता जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं, वैष्णव पुजारी पुरोहित बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर गीता जंयती मनाई और जनप्रतिनिधियों ने इस गरिमामय आयोजन में भाग लिया। वही इस अवसर भोला वैष्णव ने

■ हनुमान मंदिर में मनी गीता जयंती, वैष्णव पुजारी पुरोहित संघ ने किया आयोजन

अपने संबोधन में गीता को जीवन का सबसे व्यावहारिक और संतुलित मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि हर स्कूल के बस्ते में गीता अवश्य होनी चाहिए। भगवान कृष्ण के एक एक श्लोक में श्री हरि की वाणी है, जो जीवन जीने की राह दिखाती हैं, वही सभी मिलकर पूजा अर्चना किए। इस अवसर पर पुरोहित संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी, प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी, भारती पुजारी पुरोहित संघ प्रदेश अध्यक्ष महान सुरेंश दास, यशवंत शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## धनोरा में जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता की तैयारी, बैठक हुई

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में रविवार को आगामी जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। दरबार समिति ने बताया कि प्रतियोगिता 3 और 4 जनवरी (शनिवार-रविवार) को आयोजित की जाएगी। पिछले दो वर्षों से श्री राम कथा एवं शत चंडी यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजनों के बाद इस वर्ष सांस्कृतिक वातावरण को समृद्ध करने हेतु जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत बोरसी, हनोदा, चंदखुरी, कोड़ियां, कोकड़ी, रिसाली, मड़ोदा एवं नेवई में जस गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि बैठक में विभिन्न सिस्टम, प्रबंधन एवं आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू रायपुरीहा, जीवराखन ठेकेदार, बाबूलाल साहू, गुलाब साहू, योगेश साहू, चंद्रकांत देवांगन, एमलाल देवांगन, वासुदेव स्प्रे, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। महिला वर्ग से बबिता साहू, ललिता यादव, मितानिन कौशिल्या सेन, रुखमणि साहू, टिकेश्वरी साहू, सुनीता साहू, प्रमिला बाई, डिंपल साहू, पूजा साहू, वेदु, नेहा साहू आदि ने भी आयोजन के विभिन्न तैयारियों में सहभागिता जताई।

# जिला पंचायत सदस्य ने धान खरीदी केंद्र सुरेगांव और पापरा का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने ग्राम सुरेगांव एवं पापरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से धान खरीदी व्यवस्था में आ रही परेशानी पर बात की। सोसायटी में खरीदे गये धान का तौल कराया। ग्राम भेडी, सुरेगाव, भुरकाभाट के किसानों ने बताया कि शासन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाए तथा सोसायटी में धान रखने अब जगह नहीं है। धान परिवहन शीध्र किया जाए। किसानों को टोकन कटाने में भी बहुत दिक्कत हो रही है। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि वे शीघ्र ही विभाग के अधिकारियों एवं कलेक्टर से किसानो की समस्या के संबंध में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को बार-बार परेशान कर रही है। सरकार किसानों के साथ न्याय करें। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री केशव शर्मा ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की वृद्धि का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। किसानों ने प्रशासन से गर्मी में धान फसल की खेती करने की अनुमति मांगी है। धान खरीदी केंद्र निरीक्षण में पूर्व जनपद सदस्य टेमन देशमुख, सौरभ देशमुख, शिव देशमुख, प्रताप देशमुख, खेमेश देशमुख उपस्थित रहे।

■ धान खरीदी में हो रही दिक्कतों पर किसानों की नाराजगी, जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

# प्राचार्य को सेवानिवृत पर श्रीफल व प्रतीक चिन्ह से किया सम्मानित





**डोंडी।** प्राचार्य एवं शाला परिवार शासकीय आदर्श उच्चतर विद्यालय डौंडी द्वारा कोमल सिंह देशमुख की सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई। कोमल सिंह अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार अनुभवी मिलनसार व्याहारिक तथा हंसमुख स्वभाव के है संस्था द्वारा देशमुख का हार फूल श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मान किया गया। सम्मान में प्राचार्य विजया दवे,समशेर बेग मिर्जा, निशी सार्वा, रेखरिया रावटे, यशोदा टेमरे, आशिष कुमार देवांगन, सीमा जायसवाल, कुसुमलता नेताम, चम्पी भुआर्य, डेमन राम साहू, उषा चंद्राकर,रामेश्वर ठाकुर,अमित पाटिल, मध्यमा रामटेके, साधना मानकर, भागवत प्रसाद साहु, आशीष कुमार जायसवाल, नीलम साहु ,सुनीता पंडा, शिल्पी साहु,शफीक अहमद कुरैशी, उमेश कुमार बासेरिया,ओम प्रकाश , हीरा राम भुआर्य शाला परिवार के साथ पूरा समारोह में शामिल रहे।

## राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** फूलकैना डांस परिवार एवं लोककला ग्राम रमतरा द्वारा राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिसंबर को किया गया है। जिसमे उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद चद्रिरका साहू, जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू, जनपद सदस्य गुरूर मीना फत्तेलाल साहू रहेंगी। अध्यक्षता भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुरूर धर्मेन्द्र साहू, अर्जीनिवेश रमतरा झम्मन लाल हिरवानी, पशुधन विभाग कनेरी गुरूर शिवेन्द्र साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि चन्द्रहास साहू, सरपंच ग्राम पंचायत रमतरा संतोशी निर्मलकर, भगत राम साहू, चमन लाल सांहड़ा, नीलकंठ सांहड़ा, खेमन लाल साहू, दानीराम हिरवानी, मुरारी राम साहू, पूरन लाल अठभैया, पवन कुमार बमबोड़े, नीलकमल साहू, धर्मेन्द्र कुमार सांहड़ा, चोवा राम सांहड़ा, बोहरिक राम सांहड़ा, भीशम सार्वा देवनंदन साहू, भीखम साहू, मन्नू लाल साहू, सीता राम साहू, गिरधारी लाल हिरवानी उपस्थित रहेंगे।

**गरीब परिवार की कठिन परिस्थितियों की जानकारी मिलते ही देशमुख ने तुरंत सहायता हेतु बढ़ाया हाथ**

# लिमोरा के तीन परिवारों को मिला समाजसेवी देशमुख का आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

समाजसेवी नाड़ी वैद्य बिरेंद्र देशमुख ने लिमोरा के मानिकपुरी परिवार को 33 हजार का दान दिए। ग्राम लिमोरा में संचालित मां 64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन के संस्थापक और समाजसेवी नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष जागरूकता लाने और लोगों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न अवसरों पर कई कार्य करते रहते हैं। इसके अलावा गरीब परिवारों को वे अनेक तरह से मदद भी करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के गुण्डरदेही ब्लाक अंतर्गत ग्राम लिमोरा के मानिकपुरी परिवार को गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने 33 हजार का सहयोग राशि प्रदान किया।

लिमोरा निवासी सत्यभामा मानिकपुरी, नेमदास मानिकपुरी एवं इंद्रा बाई मानिकपुरी के पास रहने के लिए घर नहीं है। झोपड़ी में गुजर बसर कर रहे थे, तीनों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होते ही गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने सहयोग प्रदान करने की इच्छा जताई। इसी के तहत लिमोरा में पहुंचकर सहयोग राशि के रूप में तीनों परिवारों को 33 हजार रुपए दिए। सहयोग





राशि प्राप्त करते ही तीनों परिवार के लोगों की आंखें नम हो गई। उन्होंने गुरुदेव को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने कहा कि ईश्वर ने मुझे जिस काम के लिए यहां भेजा है मैं वही काम कर रहा हूं। मुझमें आज किसी को सहयोग करने की क्षमता है तो मैं सहयोग कर रहा हूं। इसमें मेरी कोई बढ़ाई नहीं है। इस अवसर पर निजानंद चंद्राकर, योगेंद्र चंद्राकर, चिंताराम चंद्राकर, पूर्ण चंद देशमुख, हलधर साहू, द्वारिका साहू, योगेंद्र साहू, हरदेव साहू, टेमन लाल साहू, ओम प्रकाश साहू, ममता चंद्राकर, बेबी यादव, शांतिबाई मानिकपुरी, मनहरण लाल सिंह, तिलक यादव, खेमचंद निषाद, रानी मानिकपुरी, ममता मानिकपुरी, हलधर साहू, सोमदास मानिकपुरी, ठाकुर राम पटेल उपस्थित थे।

### इससे पहले भी गुरुदेव कर चुके हैं कई लोगों की मदद

गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहते हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा सहयोग करते रहते हैं। इसी तरह गरीब परिवारों की भी मदद करने में हमेशा आगे रहते हैं। ग्राम भंडेरा सुरेगांव में एक गरीब के घर आग लगने पर एक लाख का दान, चारवाही में 51 हजार, निकुम में यादव परिवार को 31 हजार, दुर्ग जिले के नवागांव में स्कूल कमरा निर्माण, माहुद स्कूल में शेड निर्माण एवं गार्डन का सौंदयऍकरण, स्वच्छ शौचालय के लिए कांकेर जिले के गोल कुम्हड़ा में 11 हजार, सिकोला में धार्मिक स्थल के जीर्णोद्धार के लिए 21 हजार, कोहका में शिवाजी की मूर्ति के लिए 11 हजार रुपए सहित अनेक धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में सहयोग करते आ रहे हैं।

**जपं अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि**

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शाला विकास समिति व ग्रामीण विकास समिति अर्जुनी द्वारा संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन 5 दिसंबर व 6 दिसंबर को ग्राम अर्जुनी में किया गया है। जिसमे 5 दिसंबर को सुबह शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू होंगी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी हेमलता साहू करेंगी।

विशेष अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद चद्रिरका गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर गणेश्वरी खरेन्द्र, उपसरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी चुम्मन लाल साहू, अध्यक्ष महार समाज मोहन कामड़े, ग्रामीण अध्यक्ष परदेशी रावटे, अध्यक्ष हल्बा समाज परदेशी नायक, साहू समाज अध्यक्ष नरोत्तम साहू, चिन्टू राम, बृजभूशण आंधिया, पंच शकुन्तला, पूर्णिमा, सरिता, बिदेरावटे, मोनिका, भुवन साहू, नोखेलाल भण्डारी, जयप्रकाश साहू, मधुबाई उपस्थित रहेंगी।

वही 5 दिसंबर को शाम सांस्कृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष भाजा मंडल गुरूर धर्मेन्द्र साहू रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष क्रीड़ा समिति प्रेमलाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सोरर जागे"वर साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज सोरर पीलू राम साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी पालक समिति प्राथमिक शाला अर्जुनी जितेन्द्र कुमार, अध्यक्ष जनभागीदारी पालक समिति पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी चमेली बाई, उपाध्यक्ष सुरेखा कोटपरिया, उपाध्यक्ष हेमलता पिस्दा, सेल्समेन अशोक साहू, क्रीड़ा समिति उपाध्यक्ष लोकशाय साहू, क्रीड़ा समिति सचिव महेन्द्र भारद्वाज, शिक्षक संकुल समन्वयक पीताम्बर साहू उपस्थित रहेंगे। वही समापन समारोह 6 दिसंबर के अवसर पर शाम 4 बजे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद व चेयरमेन रेडक्रांस सोसायटी छ.ग. तोमन लाल साहू होंगे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक शाला सोहपुर बालसिंह मंडावी करेंगें। विशेष अतिथि सभापति पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू, जनपद सदस्य लतालक्ष्मीचंद, भाजपा महिला मोर्चा दीपा साहू, सरपंच अर्जुनी हेमलता साहू, सरपंच सोहपुर सीमा साहू, सरपंच सोरर लेखराजपुरी गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष अर्जुनी यशवंतपुरी गोस्वामी, उपसरपंच अर्जुनी चुम्मन लाल, भाजपा बूथ अध्यक्ष अर्जुनी भूशण लाल साहू, अध्यक्ष शिक्षा समिति नोखेलाल भंडारी, ग्रामीण सचिव टीकम साहू, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक अर्जुनी हिरामन साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ डागेश साहू उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, उपाध्यक्ष लोकशाय साहू, सचिव महेन्द्र भारद्वाज, कोशाध्यक्ष चुम्मन लाल साहू, संरक्षक भूशण लाल साहू तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।




